उत्तर प्रदेश ने ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस पहल के साथ 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाया कदम

- *निवेश मित्र पोर्टल ने 500 से अधिक सेवाओं और 97% संतुष्टि के साथ बना निवेशकों की पसंद: श्री अभिषेक प्रकाश*
- *उत्तर प्रदेश ने पुराने जटिल नियमों को समाप्त कर निवेशकों के लिए रास्ता साफ किया और व्यवसाय को सरल बनाया: श्री अभिषेक प्रकाश*

लखनऊ, 19 दिसंबर 2024: भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत तिलक हाल, विधान सभा सचिवालय में आज ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस (ईओडीबी) और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर परिचर्चा और प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इन्वेस्ट यूपी द्वारा प्रदेश में व्यापार को सुगम बनाने और निवेश बढ़ाने को लेकर परिचर्चा हुई।

इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों की सुशासन पहलों के साथ-साथ ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों में श्री असीम अरुण, मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश, श्री अभिषेक प्रकाश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी, श्री आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, नियोजन और कार्यक्रम कार्यान्वयन, और श्री के. रवींद्र नायक, प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग शामिल हुए।

माननीय मंत्री, श्री असीम अरुण जी ने इस बात पर जोर दिया कि 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए, हितधारकों को 'व्यापार के साधनों' (टूल्स आफ ट्रेड) से अच्छी तरह अवगत होना पड़ेगा। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों और सभी स्टेकहोल्डर्स को सत्तत कौशल विकास करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हमने अपनी कड़ी मेहनत से विकास रूपी राजमार्ग तैयार कर लिया है, अब अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रयासों में तेजी लाने का समय है।"

इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी द्वारा एक व्यापक प्रस्तुति में राज्य में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। 'निवेश मित्र' पोर्टल द्वारा 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान की जा रही है। ये भारत के सबसे बड़े सिंगल-विंडो पोर्टलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में कारोबारी माहौल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में बोलते हुए इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अभिषेक प्रकाश ने व्यापार सुगमता के मामले में उत्तर प्रदेश में हो रहे निवेश अनुकूल परिवर्तन पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने घरेलू और वैश्विक निवेशकों के साथ आम नागरिकों को सुविधा देने के लिए पुराने जटिल नियमों को खत्म करने और नीतियों को कारगर बनाने के लिए राज्य के सक्रिय प्रयासों पर जोर दिया। उन्होने बताया कि हमने 500 से अधिक नियमों को अपराध की श्रेणी से निकालकर व्यापार अनुकूल माहोल बनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने निवेश मित्र की तीसरे पक्ष के ऑडिट में 97% उपयोगकर्ता संतुष्टि दर (satisfaction rate) की असाधारण उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला।

इस सत्र में श्री आलोक कुमार, प्रमुख सचिव नियोजन व कार्यक्रम कार्यान्वयन ने उत्तर प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में रोडमैप की रूपरेखा बताई।